टैलेंट. आइआइएम रांची के रश-4.0 में जमकर हुई मस्ती

आइआइएम रांची के छात्रों ने सिंगिंग में बिखेरा जादू

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

आइआइएम रांची का रश-4.0 शनिवार से शुरू हो गया. पहले दिन विद्यार्थियों ने जम कर मस्ती की. क्रिकेट, शतरंज, कैरम, बैडमिंटन व टेबल टेनिस जैसी प्रतियोगिताएं हुई. गायन प्रतियोगिता में बीआइटी सिंदरी के सन्नी कुमार अव्वल रहे. आइआइएम रांची के आकाश रॉय दूसरे स्थान पर रहे. इस दौरान बैटल ऑफ बैंड्स ने सबको मंत्रमुग्ध किया. इसमें आइआइएम रांची का बेहतर प्रदर्शन रहा. फैशन शो में तीन टीमों ने हिस्सा लिया. इनमें आइआइएम रांची का दो और आइएमएस रांची का एक ग्रुप शामिल हुआ. इसके अलावा बीआइटी मेसरा का ग्रुप डांस भी हुआ. ग्रुप डांस में बीआइटी मेसरा के जेनिथ ग्रुप ने हिस्सा लिया. इस आयोजन में विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने भाग लिया. इनमें एक्सएलआरआइ, आइआइएम बोध गया, रिम्स, बीआइटी मेसरा, बीआइटी सिंदरी, आइएमएस रांची, इक्फाई व संत जेवियर्स कॉलेज शामिल हैं.



आइआइएम रांची के रश 4 .0 में आयोजित ग्रुप डांस इवेंट में शामिल स्टूडेंट्स.

वहीं, देर रात डीजे नाइट का धमाल मचा. डीजे फैजान ने सबको खूब झूमाया. कार्यक्रम को सफल बनाने में आइआइएम रांची के समर्पण क्लब के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी. आज क्रिकेट का फाइनल मैच खेला जायेगा. फाइनल मैच आइआइएम रांची व केआइटीएसओएम के बीच होगा.

Prabhat Khabar, 03.02.2019, Pg. 23